समाचार

# जमनीपाली तालाब के पास बनेगी सी.सी. रोड, स्कूल में बाउण्ड्रीवाल

(वार्ड क्र. 47 जमनीपाली में 29 लाख 84 हजार रू. के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने)



कोरबा 08 नवम्बर 2017 —निगम के वार्ड क्र. 47 स्थित जमनीपाली तालाब के समीप सी.सी. रोड एवं प्राथमिक शाला भवन में बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराया जाएगा। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल तथा नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने उक्त दोनों विकास कार्यो का भूमिपूजन किया तथा कार्यो को प्रारंभ कर पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य संपादन करते हुए समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सतत रूप से जारी विकास कार्यो के संपादन की अगली कड़ी में दर्री जोनांतर्गत वार्ड क्र. 47 में जमनीपाली तालाब के पास 22 लाख 84 हजार रूपये की लागत से सी.सी. रोड का निर्माण कराया जाएगा, इसके साथ ही इसी वार्ड में स्थित शासकीय प्राथमिक शाला जमनीपाली में 07 लाख रूपये की लागत से अहाता का निर्माण भी निगम द्वारा कराया जाना हैं। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं नगर विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन दोनों विकास कार्यो का विधिवत भूमिपूजन उनके द्वारा किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने कहा कि वार्ड क्र. 47 के अंतर्गत आने वाले जमनीपाली तालाब के पास सड़क बनाने की मांग यहां के नागरिकों द्वारा की गई थी, साथ ही विद्यालय में अहाता का निर्माण भी आवश्यक था, उन्होने कहा कि जनभावना का आदर करते हुए आज इन दोनों कार्यो का शुभारंभ कराया गया है तथा आगे जो भी विकास संबंधी आवश्यकताएं होंगी, उन पर भी अवश्य कार्य किया जाएगा। महापौर ने आगे कहा कि कोरबा पश्चिम क्षेत्र के दर्री व बांकीमोंगरा जोन के वार्डो के समुचित विकास के लिए वृहद पैमाने पर कार्य किए गए हैं तथा यह कार्य आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

**विकास कार्यो को दी जा रही सही गति एवं दिशा**— भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर निगम कोरबा के सम्पूर्ण क्षेत्र में विगत ढाई—तीन वर्षो के दौरान व्यापक पैमाने पर कार्य किए गए हैं, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल के मार्गदर्शन में कोरबा शहर व बालको क्षेत्र के साथ—साथ कोरबा पश्चिम क्षेत्र के दर्री व बांकीमोंगरा जोन के वार्डो में भी समान रूप से विकास कार्य कराकर विकास को उचित गति एवं दिशा दी गई है, जिसके लिए मैं महापौर एवं उनकी टीम को

बधाई देता हूं, उन्होने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए मेरा सहयोग हमेशा से रहा है तथा यह सहयोग आगे भी निरंतर बना रहेगा।

<u>महापौर व विधायक के प्रति आभारी</u>— इस अवसर पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर ने कहा कि मैं स्वयं दर्री क्षेत्र का निवासी हूं, मैं देख रहा हूं कि महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं विधायक श्री जयसिंह अग्रवाल कोरबा शहर के साथ—साथ दर्री व बांकीमोंगरा क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं, काफी संख्या में विकास व निर्माण कार्य कराए जा चुके हैं तथा अनेक महत्वपूर्ण कार्य प्रगति पर हैं, उन्होने कहा कि कोरबा पश्चिम के समुचित विकास के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से महापौर एवं विधायक के प्रति आभारी हूं तथा मेरा विश्वास है कि उनके मार्गदर्शन में कोरबा पश्चिम क्षेत्र का सम्पूर्ण विकास होकर रहेगा एवं सभी समस्याएं दूर होंगी।

इस अवसर पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर के साथ ही मेयर इन काउंसिल सदस्य दिनेश सोनी, सुनील पटेल, विनीत एक्का, रामायण दास महंत, बनवारी आदित्य, के.डी.महंत, बी.सी.नामदेव, मो.जाकिर, देवीदयाल तिवारी, हेमंत देवांगन, मसीह प्रकाश मिंज, रतन सिंह यादव, आशीष अग्रवाल, राजेन्द्र साहू, रामनारायण साहू, प्रताप सिंह कंवर, उदय श्रीवास, राधिका साहू, ललिता साहू आदि के साथ काफी संख्या वार्डवासी मौजूद थे।